>

Title: Regarding direct train from Jhansi to Delhi via Kanpur.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): धन्यवाद सभापति महोदय, इस 17वीं लोक सभा में मुझे पहली बार बोलने का अवसर प्राप्त हुआ है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ और विशेष रूप से अपने लोकसभा क्षेत्र, जो जालौन, गोरखा, भोगनीपुर हैं, वहाँ के निवासियों के लिए दिल्ली आने हेतु कोई सीधी ट्रेन नहीं है । हमारे झाँसी और कानपुर के बीच जो 200 किलोमीटर की यात्रा है, उसमें करीब 20 स्टेशन पड़ते हैं ।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Both of you are senior Members. Kindly sit down.

…(व्यवधान)

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा : महोदय, दूसरा ऐट जंक्शन । इन दोनों जंक्शनों के साथ-साथ चिरगाँव, मोंठ, ऐट, उरई, कालपी, पुखरायाँ अन्यान्य स्टेशन हैं, जहाँ से लाखों यात्री डेली दिल्ली के लिए यात्रा करते हैं, लेकिन दिल्ली आने के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है । मैं विशेष रूप से केन्द्र सरकार से माँग करना चाहता हूँ कि जो उत्तर-मध्य रेलवे के अन्तर्गत जो डिवीजन आता है, झाँसी और कानपुर के बीच, वहाँ पर नई ट्रेन सीधे दिल्ली के लिए चलाई जाए, जिससे क्षेत्रवासी सीधे दिल्ली से जुड़ सकें और सीधी यात्रा कर सकें । धन्यवाद ।

माननीय सभापति : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।